# UGC NET PAPER 2 DECEMBER 27, 2015 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** In India the earliest archaeological remains of hearth has been found from :

(1) Bila Surgam (2) Hunsgi (3) Bhimbetaka (4) Mahagara

**2.** From where in South Asia the earliest evidence of wheat-barley farming has been found ?

(1) Punjab (2) Baluchistan (3) Sindh (4) Rajasthan

**3.** Which one of the following is **not** correctly matched ?

(1) Rakhigarhi - Middle Town

(2) Harappa - Cemetery - H

(3) Mohenjo-daro - Cemetery R - 37

(4) Kalibangan - Burial of male and female

**4.** Match **List - I** (Harappan site) with **List - II** (Archaeological remains) and select the **correct** answer from the code given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Mohenjo-daro | (i) | Bronze chariot |
| (b) | Harappa | (ii) | Inscribed bronze axe |
| (c) | Lothal | (iii) | Terracotta plough |
| (d) | Banawali | (iv) | Ivory scale |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** भारत में प्राचीनतम चूल्हे का पुरातात्त्विक अवशेष मिला है :

(1) बिला सुरगाम से (2) हुंस्गी से (3) भीमबैठका से (4) महगरा से

**2.** दक्षिण एशिया में कहाँ पर सबसे प्राचीनतम गेहूँ-जौ की खेती का प्रमाण मिला है ?

(1) पंजाब (2) बलुचिस्तान (3) सिन्ध (4) राजस्थान

**3.** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है ?

(1) राखीगढ़ी - मध्य शहर

(2) हड़प्पा - शवाधान - एच

(3) मोहनजो-दड़ो - शवाधान आर - 37

(4) कालीबंगा - पुरुष और स्त्री का युग्म शवाधान

**4.** **सूची - I** (हड़प्पीय स्थल) को **सूची - II** (पुरातात्त्विक अवशेष) से सुमेलित कीजिये और दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मोहनजो-दड़ो | (i) | कांस्य रथ |
| (b) | हड़प्पा | (ii) | उत्कीर्ण कांस्य कुल्हाड़ी |
| (c) | लोथल | (iii) | पकी मिट्टी का हल |
| (d) | बनावली | (iv) | हाथी दाँत का स्केल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. Which of the following Aryan deities have been invoked in the Boghaz Koi inscription from Asia Minor ?

(1) Agni, Rudra, Soma (2) Indra, Surya, Vishnu

(3) Rudra, Marut, Pushan, Bhaga (4) Indra, Nasatya, Mitra, Varuna

6. In India from where the earliest evidence of Bhojpatra (a well known writing material in India) has been found ?

(1) Kaushambi (2) Hastinapur (3) Atranjikhera (4) Sringaverpur

7. Which of the following is a Sanhita of Suklayajurveda ?

(1) Kathaka (2) Maitrayaniya (3) Taittiriya (4) Vajasanai

8. Which of the following states of South - India was mentioned in Megasthenes's Indica ?

(1) Chera (2) Pandya (3) Satiyaputta (4) Chola

9. From where the largest apsidal shrine of Indian subcontinent is discovered ?

(1) Sirsukh (2) Sirkap (3) Kaushambi (4) Anuradhapur

10. Who among the following was the President of third Sangam ?

(1) Irundayar (2) Tiripuramerittha

(3) Nakkirar (4) Mudinagarayar

11. Which of the following dynasties in India introduced date on their coins for the first time ?

(1) Indo-Greek (2) Indo-Scythians

(3) Kushan (4) Karddamaka Shaka

12. Bayana hoard contained the coins of Gupta dynasty from :

(1) Chandragupta I to Buddhagupta

(2) Chandragupta I to Skandagupta

(3) Chandragupta II to Vishnugupta

(4) Chandragupta II to Kumargupta III

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. निम्नलिखित में से किस वैदिक देवता का आवाहन एशिया माइनर के बोगज़कुई अभिलेख में है ?

(1) अग्नि, रुद्र, सोम
(2) इंद्र, सूर्य, विष्णु
(3) रुद्र, मरुत्, पूषन्, भग
(4) इंद्र, नासत्य, मित्र, वरुण

6. भारत में कहाँ पर भोजपत्र (भारत की बहु प्रचलित लेखन सामग्री) का प्राचीनतम साक्ष्य पाया गया है ?

(1) कौशाम्बी
(2) हस्तिनापुर
(3) अतरंजीखेड़ा
(4) शृंगवेरपुर

7. निम्नलिखित में से शुक्लयजुर्वेद की कौन संहिता है ?

(1) काठक
(2) मैत्रायणीय
(3) तैत्तिरीय
(4) वाजसनेयी

8. निम्नलिखित में से किस दक्षिण-भारत के राज्य का उल्लेख मेगस्थनीज की इंडिका में है ?

(1) चेर
(2) पाण्ड्य
(3) सतियपुत
(4) चोल

9. कहाँ पर भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा अर्धवृत्ताकार पूजास्थल खोजा गया है ?

(1) सिरसुख
(2) सिरकप
(3) कौशाम्बी
(4) अनुराधापुर

10. निम्नलिखित में से कौन तृतीय संगम का अध्यक्ष था ?

(1) इरुण्डयार
(2) तिरिपुरमेरिठ्
(3) नक्कीरर
(4) मुदिनगरयर

11. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने भारत में सर्वप्रथम अपने सिक्कों पर तिथि का प्रारम्भ किया ?

(1) हिन्द-यवन
(2) हिन्द-सीथियन
(3) कुषाण
(4) कर्दमक शक

12. बयाना निधि में समावेशित गुप्त शासकों के सिक्के :

(1) चंद्रगुप्त I से बुद्धगुप्त तक
(2) चंद्रगुप्त I से स्कंदगुप्त तक
(3) चंद्रगुप्त II से विष्णुगुप्त तक
(4) चंद्रगुप्त II से कुमारगुप्त III तक

**13.** Which of the following inscriptions mentioned the evidence of Sun temple ?

(1) Aihole (2) Mandasor (3) Eran (4) Banskhera

**14.** Which of the following dynasties in India had **not** issued their own coins ?

(1) Chalukya (2) Pallava (3) Rashtrakuta (4) Chola

**15.** Who among the following was Samudragupta's contemporary ruler of Kanchi ?

(1) Mahendra (2) Nilaraja (3) Vishnugopa (4) Ugrasena

**16.** Which of the following places was famous for cotton trade in Chola country ?

(1) Kaveripattanam (2) Nandipura

(3) Uraiyur (4) Tanjore

**17.** Who among the following authors is known for his satires exposing the evils of the contemporary society ?

(1) Bhasa (2) Bhavabhuti (3) Kshemendra (4) Sriharsha

**18.** Who compiled *Nat-i Muhammadi* a biography of the prophet Muhammad ?

(1) Amir Khwurd (2) Minhaj Siraj

(3) Shams-i Siraj Afif (4) Zia-ud din Barani

**19.** Match **List - I** with **List - II** and choose **correct** answer from the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | *Barbak* | (i) | Pavilion bearer |
| (b) | *Wakil-i dar* | (ii) | Commander of bodyguard |
| (c) | *Sar-i Jandar* | (iii) | Minister-in-charge of the royal household |
| (d) | *Kewani* | (iv) | Chamberlain |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** निम्न में से किस अभिलेख में सूर्य मंदिर के प्रमाण का उल्लेख है ?

(1) ऐहोल (2) मंदसौर (3) एरण (4) बांसखेड़ा

**14.** निम्नलिखित में से भारत के किस राजवंश ने अपने सिक्के जारी **नहीं** किये ?

(1) चालुक्य (2) पल्लव (3) राष्ट्रकूट (4) चोल

**15.** निम्नलिखित में से काँची का कौन-सा शासक समुद्रगुप्त का समकालीन था ?

(1) महेन्द्र (2) नीलराज (3) विष्णुगोप (4) उग्रसेन

**16.** निम्नलिखित में से चोल देश में कौन स्थल सूती कपड़े के लिये प्रसिद्ध था ?

(1) कावेरीपत्तनम (2) नन्दीपुर (3) उरैयूर (4) तंजौर

**17.** निम्नलिखित में से कौन लेखक अपने समकालीन समाज की बुराइयों पर व्यंग्य करने के लिये जाना जाता है ?

(1) भास (2) भवभूति (3) क्षेमेंद्र (4) श्रीहर्ष

**18.** पैगम्बर मुहम्मद साहब की जीवनी *नाट-ए मुहम्मदी* को किसने संकलित किया ?

(1) अमीर खुर्द (2) मिनहाज सिराज
(3) शम्स-ए सिराज अफीफ (4) ज़िया-उद्दीन बर्नी

**19.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | *बरबक* | (i) | खौमा ढ़ोने वाला |
| (b) | *वकील-ए दर* | (ii) | अंगरक्षकों का मुखिया |
| (c) | *सर-ए जानदार* | (iii) | शाही महल का प्रमुख प्रभारी |
| (d) | *केवानी* | (iv) | प्रबन्धक |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** Which of the following is **not correct** ?

(1) With the establishment of the Sultanate the older system or systems were not immediately eliminated, but continued to function though with the superimposition of the demands of a new ruling class.

(2) The rebellious territories were called *mawas*.

(3) Ala'uddin's method of land revenue assessment and collection was very close to what was called *Kankut* in later times.

(4) Two chroniclers namely Barani and Yahya give different ways in which increase in the scale of agrarian taxation was brought out by Muhammad Tughluq. Yahya says that new additional imports (*abwab*) were levied on the peasantry and Barani says that the three major taxes were more vigorously assessed and collected.

**21.** Who is the author of the following statement :

"It may be that, among Indian states, the Vijayanagara state does come closest to some form of 'feudalism', but the difference between this 'war state' and others in Europe and Japan to which the label 'feudal' has been applied are so fundamental that the concept does not provide a useful framework for discussing the social order at the time".

(1) D.C. Sircar (2) Nilakanta Sastri

(3) A. Krishnaswami (4) Burton Stein

**22.** Read the following passage :

"I visited the buildings of Man Singh and Bikramajit thoroughly. They are wonderful buildings, entirely of hewn stone, in heavy and unsymmetrical blocks however, of all the Rajas' buildings Man Singh's is the best and loftiest".

Who expressed these views after visiting the royal buildings of Gwalior ?

(1) Babur (2) Akbar (3) Jahangir (4) Shah Jahan

**23.** Which of the following sources has narrated the history of the first nineteen years of the reign of Abdullah Qutub Shah (1626 - 72) which is more like a diary of the Qutub Shahi court and gives account of the social life and the administration of the Kingdom ?

(1) Mir Rafi ud-Din's *Tazkirat ul Muluk*

(2) Mirza Nizamuddin Ahmad's *Haqiqat-u-Salatin*

(3) Mansa Ram's *Maasir-i Nizami*

(4) Tabatabai's *Burhan-i Maasir*

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही नहीं** है?

(1) सल्तनत की स्थापना के साथ पुरानी प्रणाली या प्रणालियाँ तुरंत ही समाप्त नहीं हो गईं, बल्कि वे कायम रहीं, हालांकि उनके ऊपर एक नए शासक वर्ग का प्रभुत्व स्थापित हो गया।

(2) उपद्रवी क्षेत्रों को *मावास* कहा जाता था।

(3) भू राजस्व के निर्धारण और उसकी वसूली की अलाउद्दीन की प्रणाली उस प्रणाली से काफी कुछ मिलती-जुलती थी जिसे बाद में *कनकूत* कहा गया।

(4) दो इतिहासकार, बर्नी और याह्या, मुहम्मद तुगलक के कृषि कर में वृद्धि के पैमानों के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हैं। याह्या कहता है कि कृषकों पर नया अतिरिक्त कर (*अबवाब*) लगाया जाता था और बर्नी कहता है कि तीन बड़े कर ज्यादा गंभीरता से निर्धारित किए जाते थे और सख्ती से वसूले जाते थे।

**21.** निम्नलिखित उद्धरण का लेखक कौन है?

''यह हो सकता है कि भारतीय राज्यों में विजयनगर का राज्य 'सामंतवाद' के कुछ रूपों के नजदीक रहा हो, लेकिन इस 'युद्ध राज्य' तथा यूरोप एवं जापान के दूसरे राज्यों - जिनके लिए 'सामंतवाद' शब्द इस्तेमाल किया गया है - इन दोनों के बीच का फर्क इतना बुनियादी रहा है कि यह अवधारणा उस समय की सामाजिक व्यवस्था के विमर्श के लिए कोई उपयोगी ढांचा नहीं दे पाती।''

(1) डी.सी. सरकार (2) नीलकंठ शास्त्री (3) ए. कृष्णास्वामी (4) बर्टन स्टाइन

**22.** नीचे लिखे अंश को पढ़ें :

''मैंने मान सिंह और बिक्रमजीत के भवनों का गहराई से निरीक्षण किया, वे अद्भुत हैं, पूरी तरह से पत्थरों के भारी असममित टुकड़ों को तराश कर बनाए गए हैं। सभी राजाओं के भवनों में मान सिंह के भवन सबसे उदात्त और श्रेष्ठ हैं।''

ग्वालियर के राजभवन को देखने के बाद ये विचार किसने व्यक्त किए थे?

(1) बाबर (2) अकबर (3) जहांगीर (4) शाह जहां

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्रोत अब्दुल्ला कुतुब शाह (1626 - 72) के शासन के आरंभिक उन्नीस वर्षों के इतिहास का बयान करता है, जो कुतुब शाही दरबार के रोजनामचे की तरह है और उस समय के सामाजिक जीवन तथा प्रशासन पर प्रकाश डालता है?

(1) मीर रफी उद-दीन का *तज़कीरात उल मुलूक*

(2) मिर्जा निजामुद्दीन अहमद का *हक़ीकत-उ-सलातीन*

(3) मनसा राम का *मासिर-ए निज़ामी*

(4) तबतबाई का *बुरहान-ए मासिर*

**24.** Under the Mughals *peshkash* and *nazr* were two distinct forms of offering presents to the emperor. Aurangzeb reorganised the terminology.

Which of the following statement is **not correct** in this regard ?

(1) All *peshkash* in cash to be called *nazr*.

(2) *Niaz* should be used for the gifts of princes.

(3) *Nisar* should be used for the gifts of the nobles.

(4) *Nazr* was to be offered in thanks-giving felicitous occasions of lesser importance.

**25.** Which of the following is **not correct** about Indian technology under the Mughals ?

(1) The world-famous textiles were produced without the aid of multi-spindle wheels.

(2) The seagoing vessels did not have any modern nautical instruments except the astrolabe.

(3) The massive Mughal monuments were constructed with the help of such elementary aids as the wheel-barrow.

(4) Even such elementary objects as screws with proper grooves essential for most mechanical processes were not produced.

Prepp Your Personal Exam Guide

**26.** Term '*Chakla*' has been used in medieval Indian history sources. It means :

(1) identical to *pargana*

(2) identical to *sarkar*

(3) identical to *tappa*

(4) territorial unit between *suba* and *pargana*, but not necessarily identical to *sarkar*

**27.** Which of the following statement is **not correct** ?

(1) In *Khalisa Sharifa*, the taxes were collected for the Imperial treasury.

(2) The *Jagirs* were regularly transferred, and an area might at one time be in the *Khalisa*, at another time assigned in *Jagir*.

(3) *Jamadami* had no role in *Jagir* assignments.

(4) *Mansabdars* were assigned *Jagirs* in lieu of cash salary.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** मुगलों के जमाने में बादशाह को तोहफे देने के लिए दो तरीके प्रचलित थे – *पेशकश* और *नज़्र*। औरंगजेब ने इस शब्दावली को नए सिरे से पारिभाषित किया।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस संदर्भ में **सही नहीं** है?

(1) नकद के रूप में दी जाने वाली हर *पेशकश* को *नज़्र* कहा जाए।

(2) राजकुमारों द्वारा दिए जाने वाले तोहफों को *नियाज़* कहा जाए।

(3) अमीरों द्वारा दिए जाने वाले तोहफे को *निसार* कहा जाए।

(4) कम महत्वपूर्ण अवसरों पर धन्यवाद देने और सम्मान व्यक्त करने के लिए दिए जाने वाले तोहफे को *नज़्र* कहा जाए।

**25.** मुगलों के जमाने में विकसित हुई तकनीकी के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन **सही नहीं** है?

(1) वे वस्त्र जो सारी दुनिया में मशहूर थे, वह बिना बहुचक्रीय करघों की सहायता के तैयार किये जाते थे।

(2) समुद्री यात्राओं पर जाने वाली नौकाओं में एस्ट्रोलेब के अलावा और कोई आधुनिक समुद्री उपकरण नहीं होता था।

(3) मुगलों के महान् स्मारकों तक का निर्माण एक पहिया ठेला गाड़ियों जैसे प्रारंभिक उपकरणों की मदद से किया गया था।

(4) यहाँ तक कि मशीनी काम के लिए सही खांचों वाले पेच भी नहीं बनाए जाते थे।

**26.** मध्यकालीन भारत के ऐतिहासिक स्रोतों में '*चकला*' शब्द का प्रयोग किन अर्थों में हुआ है?

(1) *परगना* के समानार्थी

(2) *सरकार* के समानार्थी

(3) *टप्पा* के समानार्थी

(4) *सूबा* और *परगना* के बीच की क्षेत्रीय इकाई, लेकिन अनिवार्यत: *सरकार* के समानार्थी नहीं।

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही नहीं** है?

(1) *खालिसा शरीफा* के अंतर्गत साम्राज्य के खजाने के लिए कर संग्रह किया जाता था।

(2) *जागीरों* की लगातार अदला-बदली होती रहती थी। ऐसा संभव था कि एक समय जो क्षेत्र *खालिसा* के अधीन हो, उसे बाद में *जागीर* में स्थानांतरित कर दिया जाए।

(3) *जागीरों* के आबंटन में *जमादामी* की कोई भूमिका नहीं होती थी।

(4) *मनसबदारों* को नकद वेतन के बदले *जागीरें* दी जाती थी।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**28.** Which of the following items presented by the English to the court of Jahangir was viewed as 'wonder to the Mongol' ?

(1) Sea - coal (2) Spectacles

(3) Mechanical clock (4) Printed books in Arabic and Persian

**29.** Regarding which of the following institutions Manucci makes the following impassioned reference :

"When any hungry wretch takes it into his head to ruin the Kingdom", he goes to the King and says to him "Sire! If your Majesty will give me the permission to raise money and a certain number of armed men, I will pay so many millions".

(1) *Jagirdari* (2) *Ijaradari* (3) *Zamindari* (4) *Diwani*

**30.** Population of Mughal India is estimated by scholars using various variables. Which of the following statement is **not correct** in this regard ?

(1) Moreland has estimated the population of Mughal India on the basis of extent of cultivated area (*arazi*).

(2) Moreland has estimated the population of the Deccan and South India on the basis of civilian : soldier ratio.

(3) Ashok V. Desai has estimated the population of Mughal India on the basis of total and per capita land revenue.

(4) Kingsley Davis has modified moreland's figures of India's population from 100 million to 145 million.

**31.** "The attempt to extend Mughal administration over Golconda, Bijapur and Karnataka stretched the Mughal empire to a breaking point perhaps, Aurangzeb might have been better advised to accept the suggestion put forward by his eldest son, Shah Alam, for a settlement with Bijapur and Golconda, annex only a part of their territories, and let them rule over Karnataka which was far away and difficult to manage".

These are the views of :

(1) Jadu Nath Sarkar (2) Athar Ali

(3) Satish Chandra (4) J.F. Richards

Prepp
Your Personal Exams Guide

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु, जो अंग्रेज़ों द्वारा जहांगीर के दरबार में पेश की गई थी, को 'मुगलों के लिए आश्चर्य' के रूप में माना गया?

(1) समुद्री-कोयला (सी-कोल) (2) चश्मे

(3) यांत्रिक घड़ी (4) अरबी तथा फारसी में मुद्रित किताबें

**29.** मानुकी ने निम्नलिखित भावपूर्ण टिप्पणी किसके बारे में की है?

"जब कोई भूख से बेजार आदमी अपने दिमाग में राज्य को नष्ट करने की बात ठान लेता है, तो वह बादशाह के पास जाता है और कहता है, महाशय! अगर आप मुझे धन उगाहने और कुछ हथियारबंद सिपाहियों की भर्ती की इजाजत दे दें, तो मैं आपको इतने लाख दूंगा।"

(1) *जागीरदारी* (2) *इजारादारी* (3) *ज़मींदारी* (4) *दीवानी*

**30.** विद्वानों ने विभिन्न चरों का प्रयोग कर मुगलकालीन भारत की जनसंख्या का अनुमान लगाया है। इस संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन **सही नहीं** है?

(1) मोरलैंड ने मुगलकालीन भारत की जनसंख्या का अनुमान कृषि क्षेत्र के विस्तार ( *अराज़ी* ) के आधार पर लगाया है।

(2) मोरलैंड ने दक्खन और दक्षिण भारत की जनसंख्या का अनुमान नागरिक : सैनिक अनुपात के आधार पर लगाया है।

(3) अशोक वी. देसाई ने मुगलकालीन भारत की आबादी का अनुमान सकल तथा प्रति व्यक्ति भू-राजस्व के आधार पर लगाया है।

(4) किंग्स्ले डेविस ने भारत की जनसंख्या के मोरलैंड के आंकड़े को सुधार कर 100 मिलियन से 145 मिलियन कर दिया।

**31.** "मुगल प्रशासन को गोलकुंडा, बीजापुर और कर्नाटक तक फैलाने की कोशिशों ने उसे टूट के कगार पर ला दिया शायद औरंगजेब को यह बेहतर सलाह दी जाती कि वह अपने सबसे बड़े बेटे शाह आलम की यह सलाह मान लेता कि बीजापुर और गोलकुंडा के कुछ हिस्सों को अपने साथ मिला कर उनसे समझौता कर लिया जाए और उन्हें कर्नाटक पर हुकूमत करने दी जाए, जो काफी दूर था और जिसका प्रबंधन मुश्किल था।"

ये विचार किसके हैं?

(1) जदु नाथ सरकार (2) अतहर अली (3) सतीश चंद्र (4) जे.एफ. रिचर्ड्स

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** What is **not** true about the Mughal court etiquetters ?

(1) When the *darbar* proceedings were on, nobles were not permitted to sit.

(2) In 1683 Aurangzeb issued an order that *mansabdars* below the rank of 2000, when taking leave of the emperor should not wait for *fatiha* to be read.

(3) In 1693 Aurangzeb ordered that the colour of the garments of the *Umara* should not be red.

(4) The nobles were to wear *nima astin* and wrap a shawl round their shoulders in the presence of the emperor.

**33.** Where did a school develop where manuscripts, including that of the dictionary *Miftah ul Fuzala* were profusely illustrated ?

(1) Bengal (2) Malwa (3) Gujarat (4) Deccan

**34.** Chronologically arrange the advent of European Commercial Companies into India.

(a) Portugues (b) British (c) Dutch (d) French

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (d), (b), (a), (c)
(2) (c), (a), (d), (b)
(3) (b), (d), (a), (c)
(4) (a), (c), (b), (d)

**35.** Consider the following statements relating to the military operations of Count de Lally in the Carnatic :

(a) The Home Government instructed Lally to gradually penetrate inland.

(b) To participate in the mutual quarrels of Indian princes to the best advantage of the French in India.

(c) To concentrate his efforts upon seizing the fortified stations of the English on the Indian coast.

(d) To introduce reforms which were deemed necessary for the company's administration.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c) are correct
(2) (b), (c) and (d) are correct
(3) (a) and (b) are correct
(4) (c) and (d) are correct

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** मुगल दरबार की तहजीब के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?

(1) दरबार की कार्यवाही के दौरान अमीरों को बैठने की इजाजत नहीं होती थी।

(2) औरंगजेब ने 1683 में यह आदेश जारी किया था कि 2000 से नीचे स्तर के *मनसबदारों* को बादशाह से छुट्टी लेने के लिए *फातिहा* के पढ़े जाने का इंतजार करना जरूरी नहीं होगा।

(3) औरंगजेब ने 1693 में यह आदेश जारी किया था कि अमीरों की पोशाक का रंग लाल नहीं होना चाहिए।

(4) बादशाह के सामने अमीरों को *नीम आस्तीन* पहन कर और कंधों पर शाल लपेट कर ही उपस्थित होना होता था।

**33.** कहाँ पर ऐसा स्कूल विकसित हुआ जहाँ *मिफ्ताह-उल फुज़ाला* जैसे शब्दकोश के साथ अन्य पांडुलिपियों का प्रचुर मात्रा में चित्रांकन किया गया?

(1) बंगाल (2) मालवा (3) गुजरात (4) दक्खन

**34.** भारत में यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों के आगमन को कालक्रमानुसार क्रमबद्ध कीजिये।

(a) पुर्तगाली (b) ब्रिटिश (c) डच (d) फ्रांसीसी

दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) (d), (b), (a), (c)
(2) (c), (a), (d), (b)
(3) (b), (d), (a), (c)
(4) (a), (c), (b), (d)

**35.** कर्नाटिक में काउंट द लैली के सैन्य अभियानों से संबंधित निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

(a) घरेलू सरकार ने लैली को धीरे-धीरे अंदरूनी क्षेत्रों पर कब्ज़ा जमाने का निर्देश दिया।

(b) भारत में फ्रांसीसियों को सर्वश्रेष्ठ लाभ दिलाने के लिए भारतीय रियासतों के आपसी झगड़ों में शामिल होना।

(c) भारतीय तटों पर अंग्रेजों के क़िलाबन्द स्थलों पर कब्ज़ा जमाने के प्रयासों पर ध्यान देना।

(d) कंपनी के प्रशासन के लिए आवश्यक माने गए सुधारों को प्रस्तुत किया।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (c) सही हैं
(2) (b), (c) और (d) सही हैं
(3) (a) और (b) सही हैं
(4) (c) और (d) सही हैं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** Between whom the Treaty of Bassein was signed in 1802 ?

(1) The Gaekwars of Baroda and the Marquis of Wellesley

(2) Malharrao Holkar and Mountstuart Elphinstone

(3) Peshwa Baji Rao II and the Marquis of Wellesley

(4) Raja Pratap Singh of Satara and Mountstuart Elphinstone

**37.** Which of the following tribes did not form a part of the Kol Rebellion in 1832 - 33 ?

(1) Chuars (2) Hos (3) Bhils (4) Munda

**38.** Who among the following did not belong to the Baptist missionary group ?

(1) William Carey (2) Montalambert

(3) Joshua Marshman (4) William Ward

**39.** Dayanand Saraswati was not against which of the following religious idea ?

(1) Idolatory (2) Polytheism

(3) Pantheism (4) Veneration of Cow

**40.** Identify among the following who was **not** an Orientalist ?

(1) H.T. Colebrooke (2) Charles Grant

(3) William Carey (4) James Princeps

**41.** What constituted the Crux of the Drain theory highlighted by Dada Bhai Naoroji ?

(1) Abuse of trade practices by the merchants of the ruling race.

(2) Ill-gotten money taken from the princely rulers and remitted to England.

(3) Unrequited exports from India.

(4) Glutting of Indian markets with British manufactured goods.

**36.** निम्नलिखित में से किसके बीच 1802 में बेसिन की संधि पर हस्ताक्षर किए गए?

(1) बड़ौदा के गायकवाड़ और मॉरक्विस ऑफ वैलसली

(2) मल्हारराव होलकर और माउंटस्टूअर्ट एल्फिनस्टोन

(3) पेशवा बाजीराव II (द्वितीय) और मॉरक्विस ऑफ वैलसली

(4) सातारा के राजा प्रताप सिंह और माउंटस्टूअर्ट एल्फिनस्टोन

**37.** 1832 - 33 के कोल जनजाति विद्रोह में कौन-सी जनजाति सम्मिलित नहीं थी?

(1) चुआर (2) होज़ (3) भील (4) मुन्डा

**38.** निम्नलिखित में से कौन बैप्टिस्ट मिशनरी समुदाय से संबंधित नहीं था?

(1) विलियम कैर (2) मौन्तलाम्बर्ट (3) जोशुआ मार्शमैन (4) विलियम वार्ड

**39.** दयानन्द सरस्वती निम्नलिखित किस धार्मिक विचार के विरोधी नहीं थे?

(1) मूर्तिपूजा (2) बहुदेववाद

(3) सर्वेश्वरवाद (4) गाय के प्रति पूज्यभाव

**40.** निम्नलिखित में से कौन एक प्राच्यविद् (ऑरियेंटेलिस्ट) नहीं था?

(1) एच.टी. कोलब्रूक (2) चार्ल्स ग्रांट

(3) विलियम कैरी (4) जेम्स प्रिंसैप्स

**41.** दादा भाई नौरोजी द्वारा प्रचारित धन-निष्क्रमण सिद्धान्त का मूल तत्त्व किसमें निहित था?

(1) शासक जाति के व्यापारियों द्वारा व्यापारिक गतिविधियों का दुरुपयोग।

(2) रियासती राजाओं से अनुचित तरीके से प्राप्त धन और उसे इंगलेंड भेजना।

(3) भारत से एकतरफा निर्यात।

(4) ब्रिटिश उत्पादित वस्तुओं को भारतीय बाज़ारों में भर देना।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**42.** Match the social movements mentioned in the **List - I** with the regions mentioned in **List - II**, in which they were founded. Select the **correct** code given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Paramhansa Mandali | (i) | Punjab |
| (b) | Kayastha Sabha | (ii) | Maharashtra |
| (c) | Sarin Sabha | (iii) | Kerala |
| (d) | Sri Narayan Dharma Paripalan Sabha | (iv) | Uttar Pradesh |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**43.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** Some held the view that under a socialist government colonialism could play a positive civilizing role.

**Reason (R) :** Such a view was often used by some sections in the socialist movement to support the colonial policies of their respective governments.

In the context of the above statements which of the following is **correct** ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**42.** **सूची - I** में उल्लेखित सामाजिक आंदोलनों को **सूची - II** में उल्लेखित क्षेत्रों के साथ सुमेलित कीजिए, ये किन क्षेत्रों में हुए। सही कूट का चयन कर उत्तर दीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | परमहंस मंडली | (i) | पंजाब |
| (b) | कायस्थ सभा | (ii) | महाराष्ट्र |
| (c) | सरीन सभा | (iii) | केरल |
| (d) | श्री नारायण धर्म परिपालन सभा | (iv) | उत्तर प्रदेश |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**43.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को **कथन** **(A)** और दूसरे को **कारण** **(R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** कुछ लोगों का विचार था कि एक समाजवादी सरकार के अंतर्गत उपनिवेशवाद ने एक सकारात्मक सभ्यतापरक भूमिका निभाई।

**कारण (R) :** समाजवादी आंदोलन के कुछ वर्गों के द्वारा अपनी-अपनी सरकारों की औपनिवेशिक नीतियों का समर्थन करने के लिए ऐसे विचारों का अक्सर उपयोग किया।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** ग़लत है।

(4) **(A)** ग़लत है, किन्तु **(R)** सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** Match **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer from the codes given below :

| **List - I** (President of Indian National Congress) | | **List - II** (Year) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Rahimatullah Sayani | (i) | 1887 |
| (b) | Badruddin Tyabji | (ii) | 1896 |
| (c) | Maulana Abul Kalam Azad | (iii) | 1913 |
| (d) | Nawab Syed Mahomed | (iv) | 1945 |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**45.** Who authored the book - *The Indian Struggle 1935 - 1942* ?

(1) Lala Lajpat Rai
(2) Motilal Nehru
(3) Pattabhi Sitaramayya
(4) Subhas Chandra Bose

**46.** Which of the following was observed as the "Direct Action Day" by the Muslim League ?

(1) $16^{th}$ June 1946
(2) $16^{th}$ July 1946
(3) $16^{th}$ August 1946
(4) $16^{th}$ September 1946

**47.** Which of the following rulers of larger states expressed their desire to remain Independent as early as June 1947 ?

(1) Travancore and Bhopal
(2) Jodhpur and Junagarh
(3) Jaipur and Udaipur
(4) Mysore and Baroda

**48.** "Prose of Counter-Insurgency", which is regarded as a classic statement of the Subaltern School was written by :

(1) David Arnold
(2) Gayatri Chakrabarty-Spivak
(3) Ranajit Guha
(4) Dipesh Chakrabarty

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये एवं नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** ( **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष** ) | | **सूची - II** ( **वर्ष** ) | |
|---|---|---|---|
| (a) | रहीमतुल्लाह सयानी | (i) | 1887 |
| (b) | बदरुद्दीन तैयबजी | (ii) | 1896 |
| (c) | मौलाना अबुल कलाम आजाद | (iii) | 1913 |
| (d) | नवाब सैयद मोहमद | (iv) | 1945 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**45.** निम्नलिखित में से कौन – द *इंडियन स्ट्रॅगल 1935 - 1942* पुस्तक का लेखक है ?

(1) लाला लाजपत राय (2) मोतीलाल नेहरू (3) पट्टाभि सीतारामैया (4) सुभाष चंद्र बोस

**46.** निम्नलिखित में से किस तिथि को मुस्लिम लीग द्वारा ''सीधी कार्यवाही का दिवस'' (डायरेक्ट एक्शन डे) मनाया गया था ?

(1) 16 जून, 1946 (2) 16 जुलाई, 1946 (3) 16 अगस्त, 1946 (4) 16 सितम्बर, 1946

**47.** निम्नलिखित में से कौन-से बड़े राज्यों ने जून 1947 में ही स्वतंत्र बने रहने की इच्छा व्यक्त की थी ?

(1) ट्रावनकोर एवं भोपाल
(2) जोधपुर एवं जूनागढ़
(3) जयपुर एवं उदयपुर
(4) मैसूर एवं बड़ोदा

**48.** सबाल्टर्न स्कूल का एक विशिष्ट कथन ''प्रोज ऑफ काउंटर-इनसरजैन्सी'' निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखा गया था ?

(1) डेविड आर्नाल्ड
(2) गायत्री चक्रवर्ती-स्पीवॉक
(3) रणजीत गुहा
(4) दिपेश चक्रवर्ती

Prepp
Your Personal Exams Guide

**49.** Who observed that : "Just as Darwin discovered the law of development of organic nature, so Marx discovered the law of development of human history" ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Frederich Engels | (2) | A.J.P. Taylor |
| (3) | Charles A. Beard | (4) | A. Marwick |

**50.** Consider the following statements concerning Indian national historiography :

(a) It eagerly searched for national identity.

(b) Emotional approach did not take over the place of reason.

(c) The ideal of objectivity hardly became a casualty at the hands of nationalist historian.

(d) There was glorification of ancient Indian past.

Select the **correct** answer from the codes given below :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a), (b) and (d) are correct | (2) | (b) and (c) are correct |
| (3) | (b), (c) and (d) are correct | (4) | (a) and (d) are correct |

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exam Guide

**49.** निम्नलिखित में से किसने माना कि : ''जैसे कि डार्विन ने जैविक प्रकृति के विकास के नियम की खोज की थी, इसी प्रकार मार्क्स ने मानव इतिहास के विकास के नियम की खोज की थी''?

(1) फ्रैडरिक एंजिल्स (2) ए.जे.पी. टेलर (3) चार्ल्स ए. बीयर्ड (4) ए. मार्विक

**50.** भारतीय राष्ट्रीय इतिहास लेखन से संबंधित निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

(a) इसमें व्यग्रता के साथ राष्ट्रीय पहचान की खोज की गई।

(b) तर्क का स्थान भावनात्मक दृष्टिकोण ने नहीं लिया।

(c) वस्तुनिष्ठता के आदर्श का राष्ट्रवादी इतिहासकारों के हाथों से हनन नहीं हुआ।

(d) प्राचीन भारतीय अतीत का महिमा मंडन किया गया।

नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (a), (b) और (d) सही हैं (2) (b) और (c) सही हैं

(3) (b), (c) और (d) सही हैं (4) (a) और (d) सही हैं

- o 0 o -